दिनांक–15.01.2022 (शनिवार) को पूर्वाह्न 11.00 बजे संपन्न हुई स्थानीय प्रबंधन समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति की 20 वीं बैठक की कार्यवाही :–

संदर्भ : विद्यालय पत्रांक –36, दिनांक–12.01.2022

1. उपस्थिति :– बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित हुए :–

क्र.सं.	नाम	स्थानीय प्रबंधन समिति में धारित पद	उपस्थिति
1	डॉ0 संतोष कुमार सिंह, प्राचार्य नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट	अध्यक्ष	उपस्थित
2	श्री विंध्याचल पाण्डेय, सह–शिक्षक, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट	सदस्य	उपस्थित
3	श्री उदय कुमार मरांडी, शिक्षक, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट	सदस्य	उपस्थित
4.	श्री रौशन कुमार बक्शी, प्र0 पदा0, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट	सदस्य	उपस्थित

02. प्राचार्य, सह–अध्यक्ष, स्थानीय प्रबंधन समिति द्वारा सदस्यों को बताया गया कि दिनांक–06.04.2019 को कार्यकारिणी समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति की आहूत 54 वीं बैठक की कार्यवाही कंडिका–11 में प्राप्त निर्देश के अनुक्रम में विद्यालय के सभी संचालित आश्रमवर्गो में विहित प्रक्रियाओं का अनुपालन करते हुए CCTV कैमरे का अधिष्ठापन कराया गया था। प्राचार्य द्वारा बताया गया कि जिस समय CCTV कैमरे लगाये जा रहे थें उस समय पंचम आश्रमवर्ग निर्माणाधीन की स्थिति में था; अतएव, पंचम आश्रमवर्ग को छोड़कर शेष सभी आश्रमवर्गों में CCTV कैमरे अधिष्ठापन करा दिये गए थे। चूँकि वर्तमान में पंचम आश्रमवर्ग जीर्णोद्धार पश्चात् विद्यालय प्रशासन को हस्तगत हो चुके हैं, अतएव, छात्रों के सुरक्षात्मक दृष्टिकोण को मद्देनजर रखते हुए पंचम आश्रमवर्ग में भी CCTV कैमरों का अधिष्ठापन कराया जाना आवश्यक प्रतीत होता है। इसके अलावा नव–निर्मित प्रेक्षागृह में भी परिसंपत्तियों की सुरक्षा हेतु CCTV कैमरा आवश्यक है। प्राचार्य द्वारा सदस्यों को बताया गया कि खुली निविदा संख्या–185, दिनांक–04.02.2020 के नियम–7 में उल्लेख था कि आदेश/प्रस्ताव/अनुबंध की वैद्यता 02 वर्षो तक के लिए अनुमान्य होगी, चूँकि निविदा के दो वर्ष अभी समाप्त नहीं हुए हैं। अतएव, पूर्व अनुबंधित सार्थ से पूर्व के अनुबंध दर पर पंचम आश्रमवर्ग एवं नव–निर्मित प्रेक्षागृह में CCTV कैमरा अधिष्ठापित कराये जाने का प्रस्ताव है। **सम्यक् विचारोपरांत सर्वसम्मति से प्राचार्य के एतदर्थ प्रस्ताव की स्वीकृति दी गई। तदनुसार, प्राचार्य अपने स्तर से प्रधान भंडारी को अग्रेतर कार्रवाई हेतु यथोचित निर्देश दे देंगे।**

सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

15/01/22
(रौशन कु0 बक्शी)
सदस्य, स्थानीय प्रबंधन समिति

15.1.22
(उदय कुमार मरांडी)
सदस्य स्थानीय प्रबंधन समिति

15/1/22
(विंध्याचल पाण्डेय)
सदस्य, स्थानीय प्रबंधन समिति

Singh 15/01/22
(डॉ0 संतोष कुमार सिंह)
अध्यक्ष
स्थानीय प्रबंधन समिति